University in News on 07 April 2022

i-NEXT PAGE 2

परीक्षा केन्द्र पर जारी वीसी की निगरानी

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (6 Apr): उच्च शिक्षा मंत्री की नाराजगी के बाद लखनऊ यूनिवर्सिटी के वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने ग्रेजुएशन परीक्षा में नकल रोकने के लिए खुद कमान संभाल रखी है. वह परीक्षा केन्द्रों पर निरन्तर अपनी निगरानी जारी रखे हुए हैं. यहीं वजह है कि बुधवार को उन्होंने हरदोई के चार परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया. उन्होंने केन्द्रों को बुनियादी सुविधाओं का अभाव नहीं होने की हिदायत दी. हरदाई, सीतापुर, लखीमपुर व रायबरेली के डिग्री कॉलेज सम्बद्ध होने के बाद एलयू पहली बार यहां के कॉलेजों के ग्रेजुएशन पहले सेमेस्टर की परीक्षा 29 मार्च से करा रहा है, लेकिन पहली बार में नए जिलों के कॉलेजों एलयू की परीक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं, क्योंकि परीक्षा शुरू होते ही नए जिलों के कॉलेजों में सामूहिक नकल की शिकायत मिलनी शुरू हो गई. लिहाजा उच्च शिक्षा मंत्री ने कड़ी नाराजगी जताते हुए वीसी को परीक्षा केन्द्रों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया था. फिर प्रो. आलोक कुमार राय ने एलयू की प्रतिष्ठा बचाने के लिए खुद कमान संभाली. इसके बाद नए जिलों में लगातार दौरा कर रहे हैं. लखनऊ यूनिवर्सिटी के वीसी प्रो. आलोक कुमार राय ने हरदोई के श्री बालाजी महाराज महाविद्यालय, श्री रामस्वरूप पटेल महाविद्यालय, रामबेटी देवनारायन महाविद्यालय, एपीएस कॉलेज के अलावा लखनऊ जिले में स्थित लखनऊ डिग्री कॉलेज का निरीक्षण किया. सूत्रों के अनुसार हरदोई के सभी केन्द्रों पर सीसीटीवी ठीक से काम करते नहीं मिले हैं.

एलयू में 17 स्टूडेंट्स को प्लेसमेंट

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW (6 Apr): लखनऊ यूनिवर्सिटी के इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट के 17 और स्टूडेंट्स का चयन विभिन्न कंपनियों में हुआ है. प्लेसमेंट ड्राइव का संचालन डॉ. हिमांशु पांडेय ने किया था. उन्होंने बताया कि इंजीनियरिंग संकाय में बीटेक के छात्र मुनि राज सिंह का प्लेसमेंट टेक्निकल ट्रेनी के पद पर अधिकतम सात लाख रुपये सालाना के पैकेज पर हुआ है. इसी तरह मल्टीनेशनल कंपनी में बीटेक के 12 छात्रों अनन्य, काजल, नवीन, वंशिता, रितु, सुजाता, आंचल, दीप शेखर, मारिया, शिवानी, आशुतोष और पंकज कुमार का प्लेसमेंट सिस्टम इंजीनियर के पद पर 3.6 लाख वार्षिक पैकेज पर हुआ है. साथ ही बीसीए के चार छात्रों प्रियम, प्राची गौतम, शिवांगी और प्रखर शुक्ला का प्लेसमेंट एनालिस्ट ट्रेनी के पद पर 2.75 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर हुआ है.

HINDUSTAN PAGE 6

बीएड पहले सेमेस्टर की परीक्षा 19 से 25 तक

एलयू

लखनऊ, कार्यालय संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय की बीएड प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी हो गया है।

पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं चार दिनों में पूरी कर ली जाएंगी। परीक्षा नियंत्रक विद्यानन्द त्रिपाठी ने बताया कि बीएड पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं 19 अप्रैल से 25 अप्रैल तक होंगी। परीक्षाएं सुबह नौ से 12 बजे की पाली में 19, 21, 23 और 25 अप्रैल को होंगी।

कार्रवाई: कमेटी ने 27 छात्रों की परीक्षा निरस्त की

एलयू की एलएलबी परीक्षा 2021 में अनुसचित साधनों में पकड़े के छात्र-छात्राओं की यूएफएम कमेटी ने स्क्रीनिंग करने के बाद 27 छात्रों की परीक्षा निरस्त कर दी है। यूएफएम समिति ने अपनी रिपोर्ट जारी करते हुए सभी 27 अनुक्रमांक जारी किए हैं। जिनकी कॉपियों का निरीक्षण करने के बाद परीक्षा निरस्त की कार्यवाही की है।

बीकॉम आनर्स के 12 परीक्षा केन्द्र

बीकॉम आनर्स प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 13 से 25 अप्रैल तक होनी हैं। परीक्षा नियंत्रक विद्यानन्द त्रिपाठी बताया कि बीकॉम आनर्स की परीक्षाओं के लिए 12 केन्द्र बनाए गए हैं।

एलयू के साथ केकेसी, श्रीगुरुनानक गर्ल्स डिग्री कॉलेज, हीरालाल यादव डिग्री कॉलेज, कालीचरण कॉलेज, रामा डिग्री कॉलेज, इरम कॉलेज, लखनऊ पब्लिक कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज आदि को केंद्र बनाया है। अधिक जानकारी के लिए छात्र वेबसाइट देख सकते हैं।

परीक्षा केन्द्रों का कुलपति ने निरीक्षण किया

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय और उससे सहयुक्त सभी महाविद्यालयों में 29 मार्च से स्नातक, प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं संचालित की जा रही हैं। बुधवार को एलयू के कुलपति प्रो आलोक कुमार राय ने हरदोई जनपद में केन्द्रों और लखनऊ जनपद में स्थित लखनऊ डिग्री कॉलेज का निरीक्षण किया। सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा सुचारू रूप से और शांतिपूर्वक संपन्न हो रही थी।

इंजीनियरिंग के 17 छात्रों को मिला प्लेसमेंट

लखनऊ। एलयू के इंजीनियरिंग संकाय के 17 छात्रों का प्लेसमेंट प्रतिष्ठित कोर कम्पनी में हुआ। जेमिनी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी में बीटेक के एक छात्र मुनि राज सिंह का प्लेसमेंट टेक्निकल ट्रेनी के पद पर अधिकतम 7.0 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर तथा इंफोसिस में बीटेक के 12 छात्रों का प्लेसमेंट सिस्टम इंजीनियर के पद पर 3.6 लाख प्रतिवर्ष के पैकेज पर हुआ।

स्टार्टअप: चुनौतियां और अवसर पर व्याख्यान

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग के भाऊराव देवरस शोधपीठ की ओर से बुधवार को स्टार्टअप इंडिया: चुनौतियां और अवसर पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। वक्ता प्रो वीपी साही ने कहा कि उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए यह जानने की आवश्यकता है कि हम एक विशेष चीज क्यों कर रहे हैं। इससे स्टार्टअप शुरू करने की वजह साफ हो जाती है।

विधि में 42 प्रतिशत न्यूनतम पर प्रवेश

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय में नए शैक्षिक सत्र में विधि तीन वर्षीय एवं पांच वर्षीय पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थी की अर्हता न्यूनतम 42 फीसदी कर दी गई है। अभी तक 45 प्रतिशत पर प्रवेश मानक था। कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह ने इस सम्बंध में आदेश जारी कर कर दिया है। कुलसचिव ने बताया कि अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों की अर्हता 42% किए जाने सम्बंधी प्रस्ताव पर कुलपति की स्वीकृति मिल गई है।

AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

बीबीए प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं आज से

लविवि : बीकॉम ऑनर्स के परीक्षा केंद्र जारी, बीएड प्रथम सेमेस्टर परीक्षा का कार्यक्रम भी आया

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लविवि की बीबीए, बीबीए आईबी, बीबीए एमएस की प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं बृहस्पतिवार से शुरू हो रही हैं। वहीं, दूसरी तरफ एलएलबी तीन वर्षीय और एलएलबी इंटीग्रेटेड प्रथम सेमेस्टर परीक्षा के लिए प्रवेशपत्र जारी कर दिए गए हैं। इसके अलावा बीकॉम ऑनर्स के परीक्षा केंद्रों की सूची और बीएड प्रथम सेमेस्टर परीक्षा का कार्यक्रम भी जारी कर दिया गया है।

बीबीए, बीबीए आईबी, बीबीए एमएस प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा लविवि के नवीन परिसर सहित 22 केंद्रों पर होगी। नवीन परिसर स्थित आईएमएस में चार केंद्र बनाए गए हैं। प्रवेशपत्र पहले ही ऑनलाइन जारी कर दिए गए हैं। छात्र अपने लॉगइन से इसे डाउनलोड कर सकते हैं। परीक्षा दो पालियों में होगी। परीक्षा केंद्र में प्रवेश से पहले छात्रों की अच्छी तरह से चेकिंग के निर्देश केंद्र व्यवस्थापकों को दिए गए हैं। परीक्षा केंद्रों के सचल दस्तों के साथ लविवि के सचल दस्तों को भी सक्रिय कर दिया गया है। परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से चालू रखने के आदेश हैं। किसी केंद्र पर परीक्षा के दौरान कैमरा बंद मिला तो जांच के साथ कार्रवाई होगी।

वहीं, दूसरी तरफ एलएलबी तीन वर्षीय और एलएलबी इंटीग्रेटेड प्रथम सेमेस्टर परीक्षा के प्रवेशपत्र लविवि की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। तीन वर्षीय पाठ्यक्रम की परीक्षा 11 और इंटीग्रेटेड पाठ्यक्रम की परीक्षा 12 अप्रैल से शुरू होगी।

कुलपति ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

लविवि और संबद्ध महाविद्यालयों में गत 29 मार्च से स्नातक प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा चल रही है।

इस बार रायबरेली, हरदोई, सीतापुर और लखीमपुर के कॉलेजों की परीक्षाएं भी लविवि करा रहा है। रायबरेली में परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्र पर गड़बड़ी के बाद लविवि प्रशासन अलर्ट है। बुधवार को भी कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने दूसरे जिलों के परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया और व्यवस्थाएं दुरुस्त होने का दावा किया। उन्होंने हरदोई के बालाजी महाराज महाविद्यालय, श्री रामस्वरूप पटेल महाविद्यालय, रामबेटी देवनारायन महाविद्यालय, एपीएस कॉलेज का निरीक्षण किया। इसके अलावा राजधानी के लखनऊ डिग्री कॉलेज में भी व्यवस्था देखी।

■ ***12 केंद्रों पर होगी बीकॉम ऑनर्स की परीक्षा :*** बीकॉम ऑनर्स प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा 12 केंद्रों पर होगी। बुधवार को परीक्षा केंद्रों की सूची जारी कर दी गई। इसमें लविवि पुराना कैंपस, जेएनपीजी, श्री गुरुनानक गर्ल्स डिग्री गर्ल्स डिग्री कॉलेज, हीरालाल यादव गर्ल्स डिग्री कॉलेज, कालीचरण डिग्री कॉलेज, रामा डिग्री कॉलेज, इरम गर्ल्स डिग्री कॉलेज, लखनऊ पब्लिक कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज, अर्जुनगंज विद्या मंदिर, कैरियर कॉन्वेंट गर्ल्स डिग्री कॉलेज, टेक्नो इंस्टीट्यूट ऑफ हायर स्टडीज और श्री महेश प्रसाद डिग्री कॉलेज शामिल हैं। परीक्षा विभाग ने बीएड प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा भी कार्यक्रम जारी कर दिया है। परीक्षा 19, 21, 23 और 25 अप्रैल को सुबह नौ से दोपहर 12 बजे तक होगी।

ओबीसी को 42% अंक पर भी मिलेगा एलएलबी में प्रवेश

लविवि के एलएलबी तीन वर्षीय और पांच वर्षीय इंटीग्रेटेड पाठ्यक्रम में अब 42 प्रतिशत अंक लाने वाले छात्रों को भी दाखिला दिया जाएगा। कुलसचिव प्रो. डॉ. विनोद कुमार सिंह ने बताया कि यह नियम अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों पर लागू होगा। उन्होंने बताया कि बार काउंसिल ऑफ इंडिया के नियमानुसार अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों की अर्हता न्यूनतम 42 प्रतिशत किए जाने के प्रस्ताव पर कुलपति ने विद्या परिषद व कार्य परिषद के अनुमोदन की प्रत्याशा में स्वीकृति प्रदान की है।

स्टार्टअप : सफलता से ज्यादा है विफलता दर

प्रो. वीपी शाही का व्याख्यान, कहा-तकनीकी व वित्तीय कमी बन रही बाधक

माई सिटी रिपोर्टर

भाऊराव देवरस शोधपीठ की ओर से आयोजित व्याख्यान में जानकारी देते अतिथि। -संवाद

लखनऊ। पूर्व उप महानिदेशक, एमिटी बिजनेस स्कूल प्रो. वीपी शाही ने कहा है कि स्टार्टअप की विफलता दर उसकी सफलता दर से कहीं अधिक है। भारत में पिछले कुछ सालों में करीब 45 हजार स्टार्टअप आए, लेकिन इसमें काफी कम ही सफल हुए हैं। अधिकांश स्टार्टअप की विफलता के पीछे तकनीकी नवाचारों की कमी, वित्तीय बाधाएं, और शून्य स्थिरता है। प्रो. शाही ने बुधवार को लविवि के वाणिज्य विभाग के भाऊराव देवरस शोधपीठ की ओर से आयोजित 'स्टार्टअप इंडियाः चुनौतियां और अवसर' विषयक विशेष व्याख्यान में यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए हमें यह जानने की आवश्यकता है कि हम इसे क्यों कर रहे हैं। इससे स्टार्टअप की शुरुआत करने की वजह साफ हो जाती है। उन्होंने कहा कि स्टार्टअप शुरू करने की मंशा रखने वालों के लाभ के लिए सरकार ने ईको सिस्टम विकसित कर रखा है। इसका लाभ लेना चाहिए। प्रो. शाही ने नेटफ्लिक्स, फूल डॉट कॉम की सफलता की कहानियों को भी साझा किया जो नवाचार, स्थिरता और उनके द्वारा अनुसरण की जाने वाली उत्कृष्ट निष्पादन रणनीतियों पर केंद्रित हैं। उन्होंने स्टार्टअप के लिए मार्केट मैपिंग और मार्केट रिसर्च पर ध्यान देने को कहा। शोधपीठ प्रो. सोमेश कुमार शुक्ला ने अतिथि का स्वागत किया। इस मौके पर डीन कॉमर्स प्रो. आरके माहेश्वरी, हेड प्रो. अवधेश कुमार, प्रो. अरविंद कुमार, प्रो. मधुरिमा लाल, डा. सुनीता श्रीवास्तव, डॉ. हिमांशु मोहन, डॉ. अनूप कुमार सिंह, डॉ ऋचा बनर्जी आदि मौजूद थे।

लविवि के 17 छात्रों को मिला प्लेसमेंट

लखनऊ। लविवि के इंजीनियरिंग संकाय के 17 छात्रों का विभिन्न कंपनियों में प्लेसमेंट हुआ है। डॉ. हिमांशु पांडेय ने बताया कि बीटेक के मुनि राज सिंह का सात लाख के पैकेज पर जेमिनी सॉल्यशंस प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में ट्रेनी पद पर चयन हुआ। वहीं 12 अन्य छात्रों अनन्य, काजल, नवीन, वंशिता, रितु, सुजाता, आंचल, दीप शेखर, मारिया, शिवानी, आशुतोष और पंकज कुमार का चयन इंफोसिस कंपनी में 3.6 लाख रुपये प्रतिवर्ष के पैकेज पर हुआ। बीसीए के चार छात्रों का कैपजेमिनी में 2.75 लाख के पैकेज पर चयन हुआ। (माई सिटी रिपोर्टर)

एकेडमिक व कॅरिकुलर रिकॉर्ड अच्छा तो सौ फीसदी छात्रवृत्ति

माई सिटी रिपोर्टर

लविवि में आईडीपी की टीम ने विदेश में पढ़ाई के लिए छात्रों को दीं अहम जानकारियां

विदेश में पढ़ाई के इच्छुक छात्रों को जानकारी देती टीम। -संवाद

लखनऊ। विदेश में पढ़ाई करने वाले इच्छुक छात्रों के लिए बुधवार को लविवि नवीन परिसर में विधि संकाय की मूट कोर्ट कमेटी ने इंटरनेशनल डेवलपमेंट प्रोग्राम लिमिटेड (आईडीपी) के सहयोग से सेमिनार आयोजित किया। इसमें छात्रों को चयन संबंधी, छात्रवृत्ति व परीक्षा आदि की विस्तार से जानकारी दी गई।

अंतरराष्ट्रीय शैक्षिक संगठन आईडीपी ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, यूके, यूएई, कनाडा आदि देशों में शिक्षा की इच्छा रखने वाले छात्रों को सहयोग प्रदान करने, विवि का चयन करने के साथ जानकारी उपलब्ध कराता है। आईडीपी की टीम ने अंतरराष्ट्रीय शिक्षा एवं छात्रवृत्ति ग्रहण करने की जानकारी के साथ विदेश में पढ़ाई के महत्व और अंतरराष्ट्रीय शिक्षा के अवसरों के बारे में भी बताया। छात्रों को बताया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर की डिग्री व विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञता हासिल करने वाले छात्रों को कंपनियों में जल्द पहचान मिलती है। भविष्य में भी कई नए आयाम मिलते हैं। टीम ने ऑस्ट्रेलिया व यूके के विधि विश्वविद्यालयों की मौजूदा शिक्षण प्रणाली की भी जानकारी दी। इंटरनेशनल इंग्लिश लैंग्वेज टेस्टिंग सिस्टम के बारे में बताते हुए इस परीक्षा में अच्छे अंक लाने का महत्व समझाया। छात्रों को बताया कि यदि यदि वे अपना एकेडमिक और कॅरिकुलर अच्छा रखते हैं तो उन्हें सौ फीसदी तक की छात्रवृत्ति भी मिल सकती है। साथ में स्टेटमेंट ऑफ परपज, कॉलेज द्वारा दिया गया लेटर ऑफ रिकमेंडेशन, अच्छे जर्नल्स में पब्लिकेशन भी छात्रों के पास होने चाहिए। टीम ने बताया कि आठ अप्रैल को आईडीपी के लखनऊ कार्यालय में आयोजित फेयर में ऑस्ट्रेलिया के विश्वविद्यालयों की जानकारी दी जाएगी।

27 एलएलबी छात्रों की पूरी परीक्षा रद्द

लखनऊ। लविवि के परीक्षा विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एलएलबी परीक्षा में शामिल 27 छात्रों की पूरी परीक्षा ही रद्द कर दी है। ये सभी छात्र परीक्षा के दौरान नकल के आरोप में पकड़े गए थे। ये अलग-अलग डिग्री कॉलेजों के छात्र हैं। कमेटी के समक्ष इन छात्रों पर लगे आरोपों का परीक्षण किया गया था। लविवि ने इन सभी छात्रों के रोल नंबर वेबसाइट पर जारी कर दिए हैं।

एलएलबी 2021 की परीक्षा गत दिसंबर में आयोजित की गई थी। परीक्षा के दौरान बड़े पैमाने पर छात्र नकल करते पकड़े गए थे। अधिकतर छात्र पर्चियों के सहारे नकल कर रहे थे। उस दौरान छात्रों की उत्तर पुस्तिका जब्त कर ली गई थीं। लविवि के परीक्षा विभाग ने कमेटी का गठन कर पकड़े गए छात्रों का परीक्षण किया, जिसमें 27 छात्रों पर आरोप सिद्ध पाए गए। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि कुल 27 छात्रों की पूरी परीक्षा रद्द कर दी गई है। ये सभी छात्र फेल करार दिए गए हैं। इनमें तीसरे सेमेस्टर के 16, चौथे के एक और पांचवें के 10 छात्र शामिल हैं। (माई सिटी रिपोर्टर)

JAGRAN CITY PAGE I & III

12 केंद्रों पर होंगी बीकाम आनर्स की परीक्षाएं

लखनऊ विश्वविद्यालय ने प्रथम सेमेस्टर के लिए जारी की केंद्रों की सूची, 13 अप्रैल से होगी शुरुआत

जागरण संवाददाता, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने 13 अप्रैल से शुरू होने वाली बीकाम आनर्स प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाओं के लिए केंद्रों की सूची बुधवार को जारी कर दी। यह परीक्षाएं 12 केंद्रों पर होंगी। इनमें 18 कालेजों के विद्यार्थियों का केंद्र आवंटित किया गया है। केंद्रों की सूची वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर अपलोड की जा रही है। विद्यार्थी वेबसाइट के माध्यम से आपने आवंटित केंद्र का नाम देख कर परीक्षा में शामिल हों। बीकाम आनर्स की परीक्षाएं 13 से 25 अप्रैल तक संचालित होंगी।

इन्हें बनाया गया परीक्षा केंद्र : लखनऊ विश्वविद्यालय ओल्ड परिसर, श्री जय नारायण मिश्र डिग्री कालेज, श्री गुरुनानक गर्ल्स डिग्री कालेज चारबाग, हीरा लाल यादव गर्ल्स डिग्री कालेज सरोजनीनगर, कालीचरण पीजी कालेज हरदोई रोड चौक, रामा डिग्री कालेज चिनहट, इरम गर्ल्स डिग्री कालेज इंदिरा नगर, लखनऊ पब्लिक कालेज आफ प्रोफेशनल स्टडीज गोमती नगर, अर्जुनगंज विद्या मंदिर, कैरियर कान्वेंट गर्ल्स डिग्री कालेज विकास नगर, टेक्नो इंस्टीट्यूट आफ हायर स्टडीज फैजाबाद रोड, श्री महेश प्रसाद डिग्री कालेज मोहनलालगंज।

बीएड प्रथम सेमेस्टर परीक्षाएं 19 से : लवि की ओर से बीएड प्रथम सेमेस्टर परीक्षाएं 19 से 25 अप्रैल होंगी। विद्यार्थी वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर इसे देख लें। परीक्षाएं सुबह नौ से दोपहर 12 बजे तक होंगी।

ये हैं तिथियां: 19 अप्रैल-फिलास्फिकल एंड सोशियोलाजिकल पर्सपेक्टिव आफ एजुकेशन, 21 अप्रैल-साइकोलाजिकल पर्सपेक्टिव आफ एजुकेशन, 23 अप्रैल-टेक्नोलाजिकल पर्सपेक्टिव आफ एजुकेशन, 25 अप्रैल-आप्शनल पेपर।

कुलपति ने किया हरदोई और लखनऊ के परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बुधवार को स्नातक प्रथम सेमेस्टर परीक्षाओं में हरदोई और लखनऊ के केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने केंद्र अध्यक्षों को निर्देश दिए कि केंद्रों पर छात्र-छात्राओं को परीक्षा के समय बिजली, पानी और टायलेट से संबंधित असुविधा न होने पाए। वह हरदोई के श्री बालाजी महाराज महाविद्यालय, श्री रामस्वरूप पटेल महाविद्यालय, रामबेटी देवनारायन महाविद्यालय, एपी एस कालेज और लखनऊ स्थित लखनऊ डिग्री कालेज का निरीक्षण करने पहुंचे। वहां परीक्षाएं सुचारू रूप से हो रही थीं।

एलएलबी प्रथम सेमेस्टर परीक्षाओं के प्रवेश पत्र जारी : लखनऊ विश्वविद्यालय ने परीक्षा केंद्रों के साथ अब एलएलबी तीन वर्षीय और एलएलबी इंटीग्रेटेड (पांच वर्षीय) प्रथम सेमेस्टर परीक्षाओं के लिए विद्यार्थियों के प्रवेश पत्र जारी कर दिए। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि विद्यार्थी विश्वविद्यालय की वेबसाइट से इसे डाउनलोड कर सकते हैं। एलएलबी तीन वर्षीय प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 11 और एलएलबी इंटीग्रेटेड प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 12 अप्रैल से होंगी।

बीबीए प्रथम सेमेस्टर परीक्षाएं आज से : लवि के इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट साइंस (आइएमएस) में संचालित बीबीए, बीबीए आइबी, बीबीए एमएस प्रथम सेमेस्टर (ओल्ड और न्यू कोर्स) की परीक्षाएं गुरुवार से शुरू होंगी। पहले दिन ओल्ड कोर्स में बिजनेस मैथमैटिक्स, फारेन ट्रेड आफ इंडिया, प्रिंसिपल्स आफ इकोनामिक्स और न्यू कोर्स में प्रिंसिपल्स आफ मैनेजमेंट विषय की परीक्षाएं होंगी।

नकल में पकड़े गए एलएलबी के 27 परीक्षार्थियों की सभी परीक्षाएं निरस्त

लखनऊ विश्वविद्यालय ने एलएलबी तीसरे, चौथे और पांचवें सेमेस्टर की परीक्षाओं में नकल करते पकड़े गए 27 विद्यार्थियों की परीक्षाएं स्थगित कर दी हैं। इनमें तीसरे सेमेस्टर के 16, पांचवें सेमेस्टर के 10 और चौथे सेमेस्टर का एक परीक्षार्थी शामिल है। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने रोल नंबरवार सूची जारी की है। इनमें विश्वविद्यालय एवं कालेज के विद्यार्थी शामिल हैं। लवि ने एलएलबी की दिसंबर-2021 की परीक्षाएं बीते दिसंबर में आयोजित की थीं। परीक्षा नियंत्रक के मुताबिक इन परीक्षाओं में तीसरे, चौथे और पांचवें सेमेस्टर के 27 परीक्षार्थी नकल के मामले में पकड़े गए थे। कमेटी के निर्णय के बाद इनकी सभी परीक्षाएं निरस्त कर दी गई हैं।

एलएलबी में प्रवेश को ओबीसी की अर्हता में मिली छूट

लखनऊ विश्वविद्यालय ने एलएलबी तीन व पांच वर्षीय पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों की अर्हता में छूट दे दी है। अब ओबीसी वर्ग के लिए अर्हता प्रतिशत न्यूनतम 42 प्रतिशत किए जाने का प्रस्ताव मंजूर कर लिया गया है। प्रवक्ता डा. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि पहले यह अर्हता 45 प्रतिशत थी, लेकिन बार काउंसिल आफ इंडिया के नियमों में 42 फीसद थी। इसलिए लखनऊ विश्वविद्यालय ने भी न्यूनतम अर्हता 42 फीसद कर दिया है। विद्या परिषद और कार्य परिषद से इसका अनुमोदन हो चुका है।

स्टार्टअप की विफलता सफलता दर से अधिक

लखनऊ विश्वविद्यालय की भाऊराव देवरस शोधपीठ की ओर से बुधवार को स्टार्टअप इंडिया - चुनौतियां और अवसर पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया ● सौजन्य : लवि

जागरण संवाददाता, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग के भाऊराव देवरस शोधपीठ की ओर से बुधवार को 'स्टार्टअप इंडिया-चुनौतियां और अवसर' पर व्याख्यान हुआ। अतिथि वक्ता एमिटी बिजनेस स्कूल के पूर्व उप निदेशक प्रो. वीपी साही उपस्थित रहे।

उन्होंने कहा कि उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए हमें यह जानने की आवश्यकता है कि हम एक विशेष चीज 'क्लैरिटी आफ विजन' क्यों कर रहे हैं। जो कोई भी स्टार्टअप शुरू करना चाहता है, उसके लाभ के लिए सरकार द्वारा पारिस्थितिकी तंत्र पहले ही विकसित किया जा चुका है। आज की कटु सच्चाई यह है कि स्टार्टअप की विफलता दर उसकी सफलता दर से कहीं अधिक है। भारत में पिछले कुछ सालों में करीब 45,000 स्टार्टअप आए, लेकिन अब तक सिर्फ 94 यूनिकार्न की पहचान हो पाई है। भारत में अधिकांश स्टार्टअप की विफलताओं के कारण तकनीकी नवाचारों की कमी, वित्तीय बाधाएं-शून्य स्थिरता आदि हैं। उन्होंने विभिन्न स्टार्टअप के उदाहरण साझा किए जो विफल रहे, लेकिन अन्य समान विचार आधारित स्टार्टअप यूनिकार्न बन गए। शोधपीठ के निदेशक प्रो. सोमेश कुमार शुक्ला, डा. हिमांशु मोहन, डा. अनूप कुमार सिंह, वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. अवधेश कुमार मौजूद रहे।

विद्यार्थियों को दी विदेश में अध्ययन की जानकारी

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के नवीन परिसर स्थित विधि संकाय में बुधवार को इंटरनेशनल डेवलपमेंट प्रोग्राम लिमिटेड (आइडीपी) के सहयोग से सेमिनार आयोजित किया गया। इसमें आइडीपी के शोभित अवस्थी, शिवम मिश्रा ने विद्यार्थियों को विदेश में अध्ययन के अवसर विस्तार से बताए। (जासं)

पीजी मैनेजमेंट कोर्सों में आनलाइन आवेदन 11 से

लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय में परास्नातक मैनेजमेंट पाठ्यक्रमों में शामिल एमबीए और मास्टर आफ टूरिज्म एंड ट्रेवल मैनेजमेंट (एमटीटीएम) में प्रवेश के लिए आनलाइन आवेदन 11 अप्रैल से शुरू होंगे। आवेदन शुल्क सामान्य और अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए अभ्यर्थियों के लिए 1600 रुपये होगा वहीं, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और फिजिकल हैंडीकैप अभ्यर्थियों के लिए 800 रुपये तय किया गया है। (जासं)

RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

लविवि कुलपति ने किया परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय व उससे सम्बद्ध महाविद्यालयों में चल रहीं स्नातक प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाओं का जायजा लेने बुधवार को लविवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने हरदोई जनपद में स्थित श्री बालाजी महाराज महाविद्यालय, श्री रामस्वरूप पटेल महाविद्यालय, रामबेटी देवनारायन महाविद्यालय व एपीएस महाविद्यालय तथा राजधानी में स्थित लखनऊ डिग्री कालेज का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी परीक्षा केन्द्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा संपन्न होती पायी गयी।

AMRIT VICHAR PAGE 4

कुलपति ने परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण

अमृत विचार, लखनऊ

परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते लखनऊ विवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय।

उच्च शिक्षा मंत्री की नाराजगी के बाद लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने स्नातक परीक्षा में नकल रोकने के लिए खुद कमान संभाल रखी है। वह परीक्षा केन्द्रों पर निरन्तर अपनी निगरानी जारी रखे हुए हैं। यही वजह है कि बुधवार को उन्होंने हरदोई के चार परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया और बुनियादी सुविधाओं का अभाव नहीं होने की हिदायत दी।

हरदोई, सीतापुर, लखीमपुर व रायबरेली के डिग्री कॉलेज सम्बद्ध होने के बाद लखनऊ विश्वविद्यालय पहली बार यहां के कॉलेजों के स्नातक पहले सेमेस्टर की परीक्षा 29 मार्च से करा रहा है। लेकिन पहली बार में नए जिलों के कॉलेजों विश्वविद्यालय की परीक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं, क्योंकि परीक्षा शुरू होते ही नए जिलों के कॉलेजों में सामूहिक नकल की शिकायत मिलनी शुरू हो गई। लिहाजा, उच्च शिक्षा मंत्री ने कड़ी नाराजगी जताते हुए कुलपति को परीक्षा केन्द्रों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। फिर प्रो. आलोक कुमार राय ने लविवि की प्रतिष्ठा बचाने के लिए खुद कमान संभाली। इसके बाद नए जिलों में लगातार दौरा कर रहे हैं।

पीजी मैनेजमेंट कोर्सों में प्रवेश 11 से

अमृत विचार, लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय में ग्रेजुएशन पाठ्यक्रमों में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। अब पोस्ट ग्रेजुएशन मैनेजमेंट पाठ्यक्रमों में शामिल एमबीए और मास्टर ऑफ टूरिज्म एंड ट्रेवल मैनेजमेंट एमटीटीएम में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 11 अप्रैल से शुरू होंगे। आवेदन शुल्क सामान्य और अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रों के लिए 1600 रुपये होगा। वहीं, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और फिजिकल हैंडीकैप कैंडीडेट्स के लिए 800 रुपये तय किया गया है।

विश्वविद्यालय में एमबीए के तीन पाठ्यक्रम संचालित हैं। पुराने परिसर में लुंबा की ओर से संचालित एमबीए कोर्स में एडमिशन के लिए 180 और कॉमर्स विभाग में 2021-22 से शुरू हुए एमबीए फाइनेंस एंड एकाउंटिंग में 60 सीटें हैं। न्यू कैंपस में इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंस आईएमएस में एमबीए फाइनेंस एंड कंट्रोल 120 सीटें, एमबीए मार्केटिंग 120, एमबीए एचआर 60, एमबीए इंटरनेशनल बिजनेस 60, एमबीए इंटरप्रिन्योशिप एंड फैमिली बिजनेस में 60 निर्धारित हैं। मास्टर ऑफ ट्रैवल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट में भी आवेदन किए जा सकेंगे। डिपार्टमेंट ऑफ बिजनेस एंड एडमिनिस्ट्रेशन के विभागाध्यक्ष संजय मेधावी ने बताया कि लुंबा की ओर से संचालित एमबीए कोर्स में एडमिशन परीक्षा और इंटरव्यू से एडमिशन दिए जाएंगे।

जारी होगा हेल्पलाइन

आइएमएस के ओएसडी प्रोफेसर एमके अग्रवाल ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन या एमबीए कोर्स से जुड़ी किसी भी तरह की जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए जाएंगे। छात्र उस पर काल करके संपर्क कर सकते हैं।

लखनऊ विश्वविद्यालय के 17 छात्रों को मिला रोजगार

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के इंजीनियरिंग संकाय के 17 छात्रों का प्लेसमेंट प्रतिष्ठित कोर कंपनियों में हुआ। प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि जेमिनी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी में बीटेक के एक छात्र मुनि राज सिंह का प्लेसमेंट टेक्निकल ट्रेनी के पद पर अधिकतम सात लाख रुपये प्रति वर्ष के पैकेज पर तथा मल्टीनेशनल कंपनी इंफोसिस में बीटेक के 12 छात्रों अनन्य, काजल, नवीन, वंशिता, रितु, सुजाता, आंचल, दीप शेखर, मारिया, शिवानी, आशुतोष और पंकज कुमार का प्लेसमेंट सिस्टम इंजीनियर के पद पर 3.6 लाख प्रति वर्ष के पैकेज पर हुआ।

TRUE TIMES PAGE 3

कुलपति ने परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

ट्रू टाइम्स संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय और उससे सहयुक्त सभी महाविद्यालयों में 29 मार्च 2022 से स्नातक, प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं संचालित की जा रही है। 6 अप्रैल 2022 को लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने हरदोई जनपद में स्थित श्री बालाजी महाराज महाविद्यालय, श्री रामस्वरूप पटेल महाविद्यालय, रामबेटी देवनारायन महाविद्यालय, ए पी एस कॉलेज और लखनऊ जनपद में स्थित लखनऊ डिग्री कॉलेज का निरीक्षण किया। सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा सुचारू रूप से और शांति पूर्वक संपन्न हो रही थी। कुलपति जी ने सभी परीक्षा केंद्राध्यक्षों को सुझाव दिया कि छात्र छात्राओं को परीक्षा के समय बिजली, पानी और टॉयलेट से संबंधित असुविधा ना होने पाए, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।